SAATHI

The Street Dog from Dharamsala, India

साथी

धर्मशाला की गलियों का एक कुत्ता

Written by **Julu**

Illustrations by **Jenny Campbell**

Translated by **Deepti Karn**

मुख्य लेखक : **जुलु**

चित्रण : **जेनी कैम्पबेल**

अनुवादक : **दीप्ति कर्ण**

ADARSH BOOKS

For information contact: SathiStreetDog@gmail.com

www.SathiStreetDog.org

अधिक जानकारी के लिए: SathiStreetDog@gmail.com

www.SathiStreetDog.org

Published by

Adarsh Books - 2022
Ansari Road, Daryaganj, New Delhi 110002

Distributed by

Adarsh Enterprises
Ansari Road, Daryaganj, New Delhi 110002

©2022 Julie Palais

All rights reserved. No part of this book may be reproduced.

ISBN: 978-

प्रकाशक:

आदर्श बुक्स - २०२२
अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली ११०००२

वितरक:

आदर्श इंटरप्राइजेज
अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली ११०००२

© जूली पलाइस, २०२२

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस किताब के किसी भी हिस्से की प्रतिलिपि निषेध है।

ISBN: 978-

Acknowledgements

It is not possible here, with such limited space, to do justice to these acknowledgements and to thank the many people who were involved in the rescue of the dog on which Saathi's story is based. We will simply name the people and organizations who, in one way or another, participated in helping to save the dog from continued abuse on the streets of Kathmandu, Nepal. These heroes include Sonam Yangzom, Lesley Mapstone (Temple Dog Rescue, Canada) and all of the people who donated to the GoFundMe that paid for the dog's travel to Canada, Ben Charman and staff (Kathmandu Animal Treatment Centre - UK), Janek Kaphle (Rambo Abbie Dog Training, Kathmandu), Dr. Sushil Paudel, Animal Medical Centre (Chuchepati, Kathmandu) and Stirling Wineck who adopted the dog, now named Max. Project Humane Nepal provided the illustration and information about "How to Avoid Getting Bitten by a Dog" on p. 43 and the information about what to do if you get bitten by a dog is from a Help Animals India brochure.



कृतज्ञताज्ञापन

यहां इतने कम शब्दों में उन सभी को स्वीकृति देना असंभव सा है जिन्होंने उस कुत्ते को बचाने में योगदान दिया जिसके ऊपर यह किताब लिखी गयी है। हम केवल उन लोगों और संगठनों के नाम लेंगे जिन्होंने किसी न किसी तरह से इस कुत्ते को काठमांडू की गलियों में अत्याचार से बचाया है। इन नायकों के नाम हैं सोनम यांग्जोम, लेस्ली मैप्स्टोन (टेम्पल डॉग रेस्क्यू, कैनेडा) और वह सभी लोग जिन्होंने "गो फण्ड मी" में कैनेडा के सफ़र के लिए दान दिया, बेन चारमेन और उनका स्टाफ (काठमांडू एनिमल ट्रीटमेंट सेण्टर - यु. के.), जनक काफ्ले (रेम्बो एब्बी डॉग ट्रेनिंग, काठमांडू), डॉ सुशील पौडेल, एनिमल मेडिकल सेंटर (चूचेपति, काठमांडू) और स्टिरलिंग विनेक जिन्होंने कुत्ते को गोद लिया और उसे "मैक्स" का नाम दिया। प्रोजेक्ट ह्यूमेन नेपाल ने हमें "कुत्ते के काटने से कैसे बचें" (पृष्ठ ४३) का चित्रण और जानकारी दी। "यदि आपको कोई कुत्ता काट ले तो क्या करना चाहिए" की जानकारी हेल्प एनिमल्स इंडिया के ब्रोचर से ली गयी है।



Dedication

This book is dedicated to all of the homeless dogs on the streets of India, and throughout the world who were either abandoned by former owners or who were born on the streets, under very difficult circumstances. The life of a street dog is difficult, and they are often the target of abuse and cruelty. Next time you encounter a street dog please remember Saathi's story and do what you can to help the dog if it needs food or water or medical care. But above all, please be kind to them. And if you and your family decide to get a dog as a family pet, please consider adopting a street dog instead of buying an expensive puppy. There are many wonderful dogs just like Saathi on the streets of India who are waiting for you to give them a home.

समर्पण

यह किताब उन सभी बेघर कुत्तों के नाम जो आज भी भारत की सड़कों पर हैं, और उन सभी के नाम जिन्हें या तो उनके पुराने मालिकों ने बेघर कर दिया या वह गलियों में ही पैदा हुए। एक गली के कुत्ते की ज़िन्दगी बेहद मुश्किल होती है, और वह अक्सर दुर्व्यवहार व क्रूरता के शिकार बन जाते हैं। अगली बार जब भी आप किसी आवारा कुत्ते से मिलें, साथी की कहानी को ज़रूर याद रखें और उसके लिए जो हो सके कीजिये। यदि उसे खाना, पानी, या दवा की ज़रुरत है तो उसमें उसकी सहायता कीजिए। और इन सभी से बढ़कर उनको दया भाव की नज़र से देखें। यदि आप और आपके परिवार वाले किसी कुत्ते को पालने का फैसला करते हैं तो किसी महंगे नस्ल के कुत्ते को खरीदने से बहतर, किसी बेघर आवारा कुत्ते को गोद लेने की ज़रूर सोचें। भारत की गलियों में साथी जैसे ही न जाने कितने कुत्ते घूम रहे हैं जो आपका इंतज़ार कर रहे हैं कि आप उन्हें एक घर दें।

It was a crisp, cool, morning in Dharamsala, India. Saathi was excited about what lay ahead.

It was Kukur Tihar, the "Day of the Dog", a day on which people worship all dogs, both owned and those who are homeless. It commemorates the loyal and compassionate relationship between humans and dogs.

Saathi knew that later in the day a garland, made of marigolds would be placed around her neck. Then she would be showered with flower petals, fed a delicious meal of meat, milk, eggs, sweets/mithai and special biscuits, and loved by the people she met.

वह भारत के धर्मशाला की एक सर्द सुबह थी। साथी आगे जो होने वाला था उसके लिए बहुत खुश थी।

वह दिन कुकुर तिहार का दिन था, जिस दिन सभी कुत्तों की पूजा की जाती थी चाहें वे पालतू हों या बेघर। वह इंसानों व कुत्तों के रिश्ते का त्यौहार था।

साथी जानती थी कि दिन के अंत तक उसके गले में एक गेंदे के फूलों से बना हार होगा। फिर उसके ऊपर फूलों की बारिश की जायेगी और तरह तरह के पकवान खिलाये जायेंगे - दूध, मीट, अंडा, मिठाई, और स्पेशल बिस्किट्स भी! और जो भी आज उससे मिलेगा सभी उससे बहुत प्यार करेंगे।



A tika made from vermillion powder would be placed on her forehead, too!

This would be Saathi's very first Kukur Tihar, since the village where she grew up did not celebrate the holiday. Saathi stood up from where she had been sleeping along the roadside, and stretched.

She then decided to look for some of her dog friends near the Radha Krishna Mandir. She didn't want to go to the Kukur Tihar celebrations alone, and hoped she would find one of her other friends to go with her.

सिन्दूर के पाउडर से बना एक टीका भी उसके माथे पर लगाया जायेगा।

यह साथी की ज़िन्दगी का पहला कुकुर तिहार होने वाला था क्यूंकि वह जिस गाँव में बड़ी हुई थी वहाँ यह त्यौहार नहीं मनाया जाता था। यह सोचते सोचते साथी जहां सड़क के किनारे सो रही थी वहां से उठ कर अपने हाथ पैर तानने लगी।

उसके बाद उसने अपने कुछ कुत्ते दोस्तों को राधा-कृष्णा मंदिर के पास जा कर ढूंढने की सोची। वह कुकुर तिहार के त्यौहार पर अकेले नहीं जाना चाहती थी, वह इस उम्मीद में थी कि उसे साथ जाने वाला कोई दोस्त मिल जायेगा।



When she got to the temple she looked around and was reminded of the lady who originally brought her to Dharamsala about six months earlier.

Once Saathi was no longer a cute puppy, the lady had abandoned her at the temple, hoping that someone would feed her and take care of her.

She tried not to think about having been abandoned because it made her feel very sad.

वह जब मंदिर पहुंची और चारो तरफ देखने लगी तो उसे उस महिला की याद आयी जो उसको ६ महीने पहले धर्मशाला ले कर आयी थी।

जब साथी एक प्यारी-सी पिल्ली न रह गयी तो उसने साथी को इसी मंदिर के पास छोड़ दिया था, यह सोचकर कि कोई न कोई उसकी देख-भाल कर ही लेगा।

उसने इसके बारे में ज़्यादा ना सोचना चाहा क्यूंकि यह ख़्याल उसको बेहद दुखी बना देता था।



Saathi saw her friend Kamala and went over to say hello. Kamala had on a garland of beautiful orange marigolds and was eating what looked like delicious meal. Saathi thought the garland was nice, but couldn't wait to get some of the food!

Later, after Saathi had eaten her fill, she noticed that many of the dogs were lying around, eyes closed, the way you do after a good meal. That made Saathi realize how tired she was, so she headed off to find a quiet place to take a nap.

साथी ने अपनी दोस्त कमला को देखा और उसे नमस्ते करने चली गयी। कमला के गले में पीले गेंदों का हार था और वह कुछ स्वादिष्ट खा रही थी। साथी ने सोचा वह हार तो बहुत अच्छा है ही लेकिन उस स्वादिष्ट भोजन के लिए वह ज़्यादा उत्सुक थी!

जब साथी ने अपना भोजन भी खा लिया तो उसने देखा आस पास सभी कुत्ते आँखें मूंदे ज़मीन पर लेटे हुए थे, जैसे पेट भर खाने के बाद सो रहे हों। यह देख कर साथी को भी याद आया कि वह भी कितना थक गयी थी, और वह एक शांत सोने की जगह ढूंढने निकल पड़ी।

Saathi said goodbye to Kamala and all her other friends and crossed the road near the butcher's shop, just in case there were any tidbits on the ground for her to eat.

Even though she was full, Saathi had learned never to pass up a bite to eat, since she never knew where she might find her next meal!

Suddenly, out of the corner of her eye, she saw an old lady flying toward her with something in her hands.

साथी ने कमला और अपने दूसरे दोस्तों से विदा लिया और सड़क के उस पार कसाई की दुकान के पास चली गयी, शायद उसके लिए वहाँ ज़मीन पर कोई खाने के टुकड़े हों!

पेट भरा हो तब भी खाने का मौका न छोड़ना साथी ने सीख लिया था, क्यूंकि अगली बार खाना कब मिले इसका कोई हिसाब नहीं!

अचानक ही उसने देखा उसकी तरफ एक बूढ़ी औरत अपने हाथ में कुछ लिए तेज़ी से आ रही थी।

Before Saathi could get out of the way, she realized the lady was carrying a pot of boiling water. Then, she felt the hot water hit her on her back.

She yelled out in pain and took off running down the street. She couldn't imagine what she had done to make the old lady so angry! It was Kukur Tihar! The day had begun with so much promise, it seemed impossible that on a day when dogs were supposed to be honored someone could do such a cruel thing to her.

इससे पहले कि साथी दूसरी तरफ जा सकती उसने देखा कि उस औरत के हाथ में खौलते हुए पानी का एक बर्तन था। फिर उसने अपनी पीठ पर उस गरम पानी को महसूस किया।

वह दर्द में ज़ोर से चीखते हुए गली के पार भाग गयी। उसे समझ ही नहीं आया कि उसने ऐसा क्या किया जो वह औरत उस से इतनी नाराज़ हो गयी! आखिर यह कुकुर तिहार का दिन था! यह दिन इतने उम्मीदों से भरी शुरुआत ले कर आया था कि यह समझ ही नहीं आ रहा था कि कोई उसके साथ इस दिन इतनी क्रूरता से पेश क्यों आ रहा है।

Saathi was hurt and confused, and she began to feel like she might need to see a doctor. But she didn't even know if there were such things as doctors for dogs.

She was in so much pain and was moving very slowly, so she crawled behind some smelly boxes in an alley off the main road and curled into a ball. Her back felt like it was on fire, and she couldn't seem to stay awake.

As she drifted off into a restless sleep, she felt it begin to rain.

साथी बहुत दर्द और उलझन में थी, उसे लग रहा था कि उसे डॉक्टर के पास जाना पड़ेगा। पर उसे तो मालूम भी नहीं था कि कुत्तों के लिए डॉक्टर होते भी हैं या नहीं।

वह बहुत दर्द में थी और धीरे-धीरे चलते हुए वह सड़क के कोने में कुछ बदबूदार डब्बों के पीछे रेंग के बैठ गयी। उसकी पीठ मानो आग में जल रही थी और उससे आँखें खुली नहीं रखी जा रही थी। वह जैसे ही धीरे-धीरे बेचैन-सी नींद में आने लगी, बारिश शुरू हो गई।

Saathi awoke very early the next morning and lifted her head to see if it was still raining. The roof of the building protected her from getting wet.

Her back still burned from where the old lady had scalded her to chase her away.

The sun was just starting to rise over the hills surrounding Dharamsala. She wanted to get up, but her back hurt too much to move. So, she curled up and went back to sleep.

अगली सुबह साथी बहुत जल्दी उठ गयी और अपना माथा ऊपर करके देखने लगी कि बरसात रुकी या नहीं। उस बिल्डिंग की छत ने उसे भींगने से बचा लिया था।

उसकी पीठ पर अब भी जलन हो रही थी जहां उस बूढ़ी औरत ने उसे भगाने के लिए जलाया था।

धर्मशाला की पहाड़ियों के ऊपर सूरज उगने ही वाला था। वह उठना चाह रही थी लेकिन उसकी पीठ में अब भी बहुत दर्द था जिसकी वजह से वह हिल नहीं पा रही थी। तो वह गोल हो कर सो गयी।

The next time she woke up, it was nighttime, and it was raining again. She tried in vain to twist around to lick the wounds on her back, but she couldn't reach them.

She got up from where she had been lying all night and stiffly went in search of food. She hadn't eaten since yesterday morning at the Kukur Tihar celebration.

If she couldn't find any food in a garbage pile, along the road or at a butcher's shop, she would have to wait for the kind Tibetan lady who brought rice and meat to her most nights and sometimes during the day.

जब वह अगली बार उठी तो रात हो चुकी थी, और बरसात फिरसे शुरू हो गयी थी। वह पीछे मुड़कर अपने धावों को चाटने की नाकाम कोशिश करती रही लेकिन अपने घावों तक न पहुँच सकी।

वह किसी तरह वहां से उठी जहां उसने सारी रात गुज़ार दी थी और खाने की तलाश में निकल गयी। कल के कुकुर तिहार के बाद से उसने कुछ खाया नहीं था।

यदि उसे कूड़ेदान या कसाई की गली में कुछ खाने को नहीं मिलता तो उसे उस दयालु तिबत्ती महिला का इंतज़ार करना होगा जो उसे कई रातों को, और कभी-कभी दिन में भी, चावल और मीट ला कर देती थी।



She started down the street but avoided the corner where the old lady lived. She didn't want to take any chances that the woman might try to burn her again.

She wandered around all night in search of food. The next morning, it was no longer raining, and she still had not found much to eat. Suddenly, she saw the kind Tibetan Amma who often fed her.

Saathi ran to her in relief and jumped into her arms. The woman cried with delight, "Saathi! Namaste! I have been looking all over for you! Where have you been?"

उसने गली में चलना शुरू किया लेकिन उस बूढ़ी औरत के घर के पास नहीं गयी। वह फिर से जलने का जोखिम नहीं उठा सकती थी।

वह सारी रात खाने की खोज में भटकती रही। अगली सुबह बारिश बंद हो चुकी थी और उसे अब तक खाने को कुछ नहीं मिला था। अचानक उसने उसी दयालु तिबत्ती अम्मा को देखा जो उसे खाना देती थी।

साथी उसके पास ख़ुशी से भाग कर गयी और उसकी बाहों में कूद गयी। उस महिला ने भी ख़ुशी से साथी को देखते ही कहा, "साथी! नमस्ते! मैं तुम्हें कबसे ढूंढ रही थी! तुम कहाँ चली गयी थी?"

The woman called her "Saathi" because Saathi means "companion" or "friend" in Hindi and dogs are known, the world over, as man's (and woman's) best friend!

She had only been in Dharamsala for a few months, after being brought there from her village in the mountains. Saathi missed her village and didn't like the scary and unfamiliar streets of the city.

But this was her home now, and she knew she must do what she could to survive. Especially now with her injured back.

वह महिला उसे "साथी" बुलाती थी क्यूंकि साथी का मतलब होता है "दोस्त" - और यह बात दुनिया भर में चर्चित है कि कुत्ता आदमी (और औरत का) सबसे सच्चा दोस्त होता है!

वह धर्मशाला में कुछ ही महीनों से थी जब से उसे पहाड़ों में बसे उसके गाँव से लाया गया था। साथी को अपने गाँव की बहुत याद आती थी, और उसे शहर की यह अनजान डरावनी गलियाँ बिल्कुल पसंद नहीं थी।

पर अब यही उसका घर था, और वह जानती थी कि उसे यहां जीने के लिए जो हो सके करना ही पड़ेगा। खासकर कि अब अपनी जली हुई पीठ के साथ।

When the Aama touched her back, Saathi let out a loud yelp and jumped to the ground. The woman then saw how red and raw her back was.

"Oh my!", she said, "We need to take you right away to the clinic at the dog shelter so they can treat your burns. I will call the animal rescue ambulance and hopefully they will be able to come pick you up!" She looked lovingly at Saathi and held her face.

"I would love to take you home with me, but I already have five dogs and there isn't space for another one. Besides, my dogs are not very friendly and might not welcome someone new."

जब अम्मा ने उसकी पीठ छुई तो साथी ज़ोर से चिल्ला के कूद पड़ी। फिर उस महिला ने देखा कि उसकी पीठ कितनी लाल और जली हुई थी।

"हे भगवान्!", वह बोली, "हमें जल्द से जल्द तुम्हें डॉग शेल्टर के क्लिनिक में ले जाना चाहिए ताकि वे तुम्हारे घाव का इलाज कर सकें। मैं अभी एनिमल रेस्क्यू को फ़ोन करके बुलाती हूँ, उम्मीद है वे आकर तुम्हें जल्दी ही ले जायंगे।" उसने प्यार से साथी की तरफ देखा और उसके चेहरे पर हाथ फेरा।

"मैं तुम्हें अपने साथ घर ले जाना चाहती हूँ पर मेरे घर पर पहले से ही पांच और कुत्ते हैं और एक और की जगह भी नहीं है। और मेरे कुत्ते इतने दोस्ताना भी नहीं कि किसी नए कुत्ते को अपना सकें।"

When the ambulance arrived, the Aama picked Saathi up and put her inside for the short ride to the dog shelter.

As she watched the ambulance drive away, the woman knew that Saathi would get the care she needed. Then she turned and headed home to start preparing meals for the street dogs that she fed every day – a hearty mixture of rice, lentils and some meat.

Back in the ambulance, Saathi realized that she still hadn't eaten anything and hoped that wherever they were taking her, they would have something there for her to eat.

जब एम्बुलेंस आयी तो अम्मा ने साथी को उठा कर उस में डॉग शेल्टर तक के छोटे से सफर के लिए बिठाया।

अम्मा जानती थी कि अब साथी को सही देखभाल मिल जाएगी। फिर वह अपने घर की तरफ निकल गयी उन सभी कुत्तों के लिए खाना तैयार करने जिन्हें वह रोज़ खिलाती थी - चावल, मीट और दाल का एक मिश्रण।

रास्ते में साथी को फिर ध्यान आया कि उसने बहुत देर से कुछ खाया नहीं था, उसने आशा की कि वह जहाँ भी उसे लेकर जा रहे हैं वहां कुछ खाने को मिल जायेगा।

When the ambulance arrived at the dog shelter, a young woman in a purple t-shirt came out and opened the door of the ambulance. She gently picked Saathi up and took her into the clinic and put her on a table.

The woman, a veterinarian, started cleaning Saathi's burns with something, that was very cold, but which felt good to the injured dog. After cleaning and drying her back, the woman put some medicine on Saathi's back. She told Saathi that it would help to heal her burns.

When the veterinarian had finished her work, she called someone to come get Saathi.

जब एम्बुलेंस डॉग शेल्टर पहुंची तो एक बैंगनी रंग के कपड़े पहने लड़की ने आ कर एम्बुलेंस का दरवाज़ा खोला। उसने आराम से साथी को उठाकर अंदर क्लिनिक में एक मेज़ पर रखा।

वह एक पशु चिकित्सक थी, उसने साथी के घाव साफ़ करने शुरू किये। वह किसी ठंडी-सी चीज़ से उसके घाव साफ़ कर रही थी जो साथी को बहुत आराम दे रहा था। साफ़ करने और सुखाने के बाद उसने साथी के घावों पर दवा लगायी। उसने साथी को बताया कि इससे उसके घाव जल्दी ठीक हो जायेंगे।

जब उस डॉक्टर ने अपना काम कर दिया तो उसने किसी को साथी को वहां से ले जाने के लिए बुलाया।

A young boy with shaggy black hair and kind eyes came into the clinic and carefully lifted Saathi into his arms. He carried her outside to a courtyard with several kennels, filled with a lot of barking dogs.

She was put into a cage with a sweet, blonde dog who she found out was named Karma. They sniffed each other and then Saathi went to lie down and rest. She was very tired, and she hadn't slept in hours.

Karma looked over at Saathi curiously and asked her, "Why are you here?"

"I was burned on my back with hot water," Saathi said softly. Then she noticed that her new friend only had one eye. "What happened to your eye?"

एक छोटा बिखरे बालों वाला लड़का क्लिनिक में आया और साथी को बहुत सावधानी से अपनी बाहों में उठा कर ले गया। वह उसको बाहर एक मैदान में ले गया जहां बहुत से कुत्तों के घर थे और बहुत से भौंकते हुए कुत्ते भी।

उसको एक प्यारी-सी सफ़ेद कुत्तिया के साथ पिंजरे में डाल दिया गया जिसका नाम कर्मा था। उन दोनों ने एक दूसरे को सूंघा और फिर साथी सोने के लिए लेट गई। वह बहुत थकी हुई थी, उसने कई घंटों से नींद भी नहीं ली थी।

कर्मा ने साथी को जिज्ञासा भरी नज़रों से देखते हुए पूछा, "तुम यहां क्यों आयी हो?"

"मेरी पीठ गरम पानी से जल गई थी।" साथी ने धीरे-से कहा। फिर उसने देखा कि उसकी नयी दोस्त के पास केवल एक ही आँख थी। "तुम्हारी आँख को क्या हुआ?"



Karma looked at Saathi with her one good eye and told her that a few weeks earlier, while she and some dog friends were in front of a butcher shop hoping for a piece of tossed meat, one of the shopkeepers tried to scare away the dogs with a sharp knife.

Karma shrugged at Saathi. "I was in the wrong place at the wrong time," she said. "And the knife slashed into my forehead close to my eye."

कर्मा ने अपनी एक आँख से उसकी तरफ देखा और बताया कि कुछ हफ़्तों पहले जब वह और उसके कुछ दोस्त कसाई की दुकान के सामने कुछ खाने को खोज रहे थे तो कसाई ने उन्हें एक धारीले चाक़ू से डराने की कोशिश की।

कर्मा ने कहा, "मैं बस ग़लत समय पर ग़लत जगह पर थी। और वह चाक़ू मेरे माथे में घुस के मेरी आँख को लग गया।"

When Karma woke up in the clinic at the dog shelter, she could only see out of one eye. "Don't feel sorry for me", Karma said to Saathi, "I am not the only one. There are lots of other one-eyed dogs around here. Many of the dogs here have been abused. There are even others like you with scars on their backs."

"You know, dogs are often not treated very well here in India. Not all people like dogs, and only some of them honor us on Kukur Tihar. Not everyone celebrates the festival. The rest of the year they don't really care about us."

"Really?" said Saathi, "That makes me very sad."

"It is sad," said Karma. "But we'd be a lot worse off without places like this dog shelter."



जब कर्मा क्लिनिक में उठी तो वह केवल एक ही आँख से देख पा रही थी। "मेरे लिए उदास मत हो।" कर्मा ने साथी से कहा, "मैं अकेली नहीं हूँ, यहां बहुत-से एक आँख वाले कुत्ते हैं। यहां ज़्यादातर कुत्ते प्रताड़ित ही हैं। यहां तो तुम्हारी तरह पीठ पर घाव वाले भी कई हैं।"

"तुम्हें पता है यहां भारत में कुत्तों के साथ इतना अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता। कुत्तों को सब पसंद नहीं करते, और कुछ ही ऐसे हैं जो कुकुर तिहार पर सम्मानित करते हैं। सब यह त्यौहार नहीं मनाते। और साल के बाकी दिन तो किसी को हमारी कोई परवाह नहीं होती।"

"सच में?", साथी ने कहा, "यह सुनकर तो मुझे बहुत दुःख हो रहा है।"

"यह दुःख की ही बात है," कर्मा ने कहा। "लेकिन यह डॉग शेल्टर जैसी जगहों के बिना तो हम और भी बुरी हालत में होते।"

Saathi looked around at the other dogs. "What IS this place?" she asked. "They call it the Dharamsala Animal Rescue (DAR), but there are many other dog shelters just like this one all over India.

There are even some organizations in other countries, that help raise money to improve dog welfare throughout India. People all over the world care about us. The money they raise supports the animal birth control (ABC) programs to control the street dog population and they vaccinate us against rabies and other diseases.

All of these things really help to improve the lives of dogs like us throughout India.

साथी ने आस-पास के और कुत्तों को देखा। "आखिर यह क्या जगह है?" उसने पूछा। "वे इसे धर्मशाला एनिमल रेस्क्यू (डी ऐ आर) बुलाते हैं, लेकिन ऐसे ही कई और डॉग शेल्टर भारत में हैं।

दूसरे देशों में तो ऐसी कई संस्थाएं भी हैं जो भारत के कुत्तों के हालात सुधारने के लिए पैसे भी इकट्ठा करती हैं। दुनिया भर में सभी हमारी बहुत परवाह करते हैं। जो पैसे वे इकट्ठा करते हैं उसे एनिमल बर्थ कण्ट्रोल में इस्तेमाल किया जाता है जिस से गली के कुत्तों की संख्या को नियंत्रित रखा जा सके। वे हमें रेबीज़ और उसकी जैसी और बीमारियों की वैक्सीन भी लगवाते हैं।

यह सारी चीज़ें भारत के कुत्तों के जीवन की बेहतरी में बहुत सहायता करती हैं।

Karma got up from her bed. “It’s almost 10’oclock! That’s when we have our morning play time. They let us out of the kennels so we can play with the other dogs! I’ll introduce you to my friends Tashi and Momo!”

When they got to the garden Karma introduced Saathi to both of her friends. Tashi was a little white dog, and Momo was bigger with white and tan spots.

Both dogs told their stories to Saathi, about the injuries they’d suffered on the streets that had changed their lives forever.

कर्मा अपने बिस्तर से उठ गयी। “दस बजने ही वाले हैं! सुबह के खेलने का समय होने वाला है। वे हमें हमारे कुत्ता-घरों से बाहर निकालेंगे ताकि हम दूसरे कुत्तों के साथ खेल सकें। मैं तुम्हें अपने दोस्तों ताशी और मोमो से भी मिलवाऊंगी!”

जब वे बगीचे में पहुंचे तो कर्मा ने साथी को अपने दोनों दोस्तों से मिलवाया। ताशी एक छोटा सफ़ेद रंग का कुत्ता था और मोमो बड़ा और सफ़ेद व भूरे रंग के धब्बों वाला था।

दोनों कुत्तों ने साथी को अपनी ज़िन्दगी बदल देने वाले ज़ख्मों की कहानियां बतायीं।

Tashi started by telling Saathi about the day a man attacked him with a big stick. He was looking for food on the street, when a man suddenly came up to him and began beating him on the head. He was badly injured and bloody.

Tashi said he ran away to another street where he hid inside the gates of a temple. He stayed there all that day and through the night. In the morning, some monks found him and brought him to the clinic at the dog shelter for treatment.

The people in the clinic washed him and took care of his injuries, he said. "That was a few months ago, and I have been here ever since."

ताशी ने साथी को उस दिन के बारे में बताना शुरू किया जब एक बूढ़े आदमी ने उस पर डंडे से वार किया था। वह सड़क पर खाने की तलाश कर रहा था जब अचानक ही उस आदमी ने उसके माथे पर डंडे मारने शुरू कर दिए। वह बहुत बुरी तरह से घायल हो गया था, उसका बहुत खून बह चुका था।

ताशी ने बताया कि वह दूसरी सड़क की ओर भाग कर एक मंदिर के दरवाज़ों के पीछे जा छिपा। वह सारा दिन और सारी रात वहीं छिपा रहा। अगली सुबह उसे कुछ मठवासी डॉग शेल्टर के क्लिनिक में इलाज के लिए ले आये।

उसने बताया कि क्लिनिक के लोगों ने उसके घाव धो कर उसकी देखभाल की। "यह कुछ महीनों पहले की बात है, और मैं तबसे यहीं रह रहा हूँ।"



Momo, the big white dog with tan spots, then told his story.

"I, too, was just minding my own business, running down the side of the road, when suddenly, out of nowhere, a vehicle ran into me from behind, and I was thrown to the side of the road. Someone gave me first aid on the roadside, then, an ambulance came and brought me here, where they operated on my broken leg.

"It is almost better," Momo added, stretching one of his back legs for his audience. "But I am still limping a bit."

फिर मोमो, बड़े सफ़ेद और भूरे धब्बों वाले कुत्ते, ने अपनी कहानी सुनाई।

"मैं भी अपनी ही धुन में मस्त इधर से उधर सड़क के किनारे चला जा रहा था जब अचानक ही एक गाड़ी भागती हुई मेरे पीछे से टकरा गई, और मैं सड़क के उस पार जा गिरा।" किसी ने वहीँ सड़क किनारे मुझे प्राथमिक चिकित्सा दी और फिर एक एम्बुलेंस आ कर मुझे यहां ले आई, जहां इन्होंने मेरे टूटे हुए पैर का इलाज किया।"

"अब यह लगभग ठीक हो चुका है," मोमो ने अपनी टांग खींच कर दिखाते हुए बताया। "पर अब भी मैं थोड़ा लंगड़ा रहा हूँ।"

The four new friends were still visiting when a big brown dog approached the group and introduced himself. He smiled at Saathi, and in a deep, gentle voice, he said, "I'm Yogi. It's nice to meet you."

Saathi introduced herself to Yogi and said, "What happened to you? What brought you here?"

Karma spoke up, even before Yogi could open his mouth. "Oh, it was awful! Yogi, tell Saathi what happened to you!"

"Well," said Yogi, "I was lying by the side of the road when a man came up to me with a knife and kicked me! Then he slashed my leg with his big kukuri knife. It was bad, and I lost a lot of blood! But the people here at the clinic took good care of me."

Yogi continued his story for the spellbound group. "When I woke up from surgery, I had a big white thing around my head. It was so strange, and it made it hard to lick my leg. I've been recovering here for a few weeks now!"

वे चारों नए दोस्त अब भी घूम ही रहे थे कि तभी वहां एक बड़ा-सा भूरे रंग का कुत्ता आया और अपना परिचय दिया। उसने साथी की तरफ मुस्कुरा कर कहा, "मेरा नाम योगी है। आपसे मिलकर बहुत ख़ुशी हुई।"

साथी ने भी योगी को अपना परिचय दिया और उस से पूछा, "आपके साथ क्या हुआ? आप यहां कैसे आये?"

योगी कुछ कहता उससे पहले ही कर्मा ने कहा, "अरे! वह तो बहुत ही भयानक था, योगी बताओ क्या हुआ था तुम्हारे साथ!"

"खैर, मैं तो बस सड़क के किनारे लेटा हुआ था जब एक आदमी चाक़ू ले कर मेरे पास आया और मुझे लात मारने लगा! फिर उसने अपनी बड़ी-सी छूरी से मेरी टांग काट दी। वह बहुत ही बुरा था, मेरा बहुत खून भी बहा। लेकिन यहां क्लिनिक के लोगों ने मेरी अच्छी देखभाल की।"

योगी उस मंत्रमुग्ध समूह के सामने अपनी कहानी बोलता चला गया। "जब मैं इलाज के बाद उठा तो मेरे माथे पर एक बड़ी-सी सफ़ेद चीज़ थी। वह बहुत ही अजीब था, उसकी वजह से मैं अपनी टाँगे भी नहीं चाट पा रहा था। मैं अब यहां कुछ हफ़्तों से इलाज करवा रहा हूँ।"

Yogi quickly added, "I hope the fur will grow back to hide the big scar that I have now! I am praying that it won't stop someone from taking me home to live with them. I want to be adopted by a loving family!"

Saathi cocked her head "Yogi, what do you mean?"

"Yeah, Yogi" said the others, "what does it mean to be 'adopted'?"

"काश मेरे बाल मेरे इस बड़े से निशाँ को ढक दें! मैं प्रार्थना करता हूँ कि इसकी वजह से कहीं ऐसा न हो कि कोई मुझे अपने घर ले जाने से मना करदे। मैं एक प्यारे-से परिवार का हिस्सा बनना चाहता हूँ।"

साथी ने अपना सर टेढ़ा करते हुए पूछा, "योगी, इससे तुम्हारा क्या मतलब?"

"हाँ, योगी" बाकियों ने भी पूछा, "परिवार का हिस्सा मतलब?"

Yogi looked at his friends "Adopting is what happens when a family comes here to look for a dog that they want to take home to live with them," he said.

"Last week, my friend Loki, a black and brown dog from Ladakh, was adopted by a Tibetan family here in Dharamsala. Loki had come here after someone threw stones at him and tried to poison him! But he survived, and now he lives inside a home with two children who play with him every day.

They also feed him twice a day and give him plenty of water. He never goes hungry anymore and he has a safe and dry bed to sleep on at night. He has a good life now."

योगी ने अपने दोस्तों की तरफ देखा और कहा, "परिवार का हिस्सा मतलब कोई न कोई परिवार यहां आ कर अपने मनपसंद कुत्ते को गोद लेकर अपने घर ले जाता है।"

"पिछले हफ्ते ही मेरे लदाख के दोस्त काले भूरे लोकि को एक तिबत्ती परिवार गोद ले कर यहीं धर्मशाला में रहने चला गया। लोकि यहां आया था जब उसको किसी ने पत्थरों से मारा और ज़हर देने की कोशिश की थी! लेकिन वह बच गया, और आज वह एक घर में दो बच्चों के साथ रहता है जो उसके साथ रोज़ खेलते हैं।

